भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
मौखिक प्रश्न सं. **+*27**
सोमवार, **24** जून, 2019/3 आषाढ़, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

विरासत नगरों के रूप में बसवेश्वर से संबद्ध स्थान

+*27. श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्लेः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या श्री बसवेश्वर का उल्लेख विश्व में लोकतंत्र, संसद तथा जातिरहित समाज के बारे में विचार रखने वाले पहले उपदेशक के रूप में किया गया है; और

(ख) क्या सरकार का बसवेश्वर से संबद्ध स्थानों अर्थात् कर्नाटक में बासवकल्याण कुडाल संगम तथा बसवना बागेवाड़ी को विरासत केन्द्रों/नगरों के रूप में मानने/घोषित किये जाने का विचार कर रही है/किए जाने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और (ख) : एक विवरण सभा पटल पर रखा गया है ।

******

विरासत नगरों के रूप में बसवेश्वर से संबद्ध स्थान के संबंध में दिनांक 24.06.2019 के लोक सभा मौखिक प्रश्न सं. *27 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में विवरण

(क) और (ख) : पर्यटन मंत्रालय में विरासत केन्द्रों/नगरों के रूप में स्थलों / गंतव्यों की घोषणा हेतु कोई योजना नहीं है । तथापि, मंत्रालय, अपनी विभिन्न योजना दिशानिर्देशों के अंतर्गत राज्य सरकारों /राज्यक्षेत्र प्रशासनों को अवसंरचना संबंधी पर्यटन के विकास हेतु राज्य सरकारों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों और संगत योजना दिशानिर्देशों के उनके अनुपालन की शर्त पर केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है ।

मंत्रालय द्वारा कर्नाटक में बासवकल्याण कुडाल संगम तथा बसवना बागेवाड़ी में पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है ।

****